Notice Board / Website

निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर

प्रवेश सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा प्रवेश तिथि बढ़ाये जाने के परिणामस्वरूप तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2020-2021 के लिए SCVT एवं NCVT के अंतर्गत चल रहे व्यसायों की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु संस्थान स्तर पर स्पॉट राउंड दिनांक **06-02-2021 से 15-02-2021** तक करवाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इच्छुक अभ्यार्थी (पहले से पंजीकृत एवं नए अभ्यार्थी) समस्त कार्यदिवसों को संस्थान स्तर पर व्यक्तिगत रूप से सभी सम्बन्धित Documents तथा Photo Identity Proof सहित रिक्त सीटों हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। अभ्यार्थियों से संस्थान स्तर पर पूर्व निर्धारित नियमों के अंतर्गत आवेदन दैनिक आधार पर समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे दोपहर 12:00 बजे तक लिए जाएंगे, तत्पश्चात प्राप्त आवेदनों की मैरिट लिस्ट बनाई जाएगी, दोपहर 02:30 बजे से मैरिट अनुसार रिक्त सीटों हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पिछले दिन तैयार की गई मैरिट लिस्ट मान्य नहीं होगी। प्रवेश मिलने की स्थिति में निर्धारित सभी प्रकार के Fee & Funds उसी समय जमा करवाने होंगे। रिक्त सीटों बारे सम्बन्धित संस्थान से व्यक्तिगत रूप में या दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

xxxx
निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर